भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2219

गुरूवार, 7 अगस्त, 2025/16 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**चिकित्सा पर्यटन**

**2219 श्री केसरीदेवसिंह झाला:**
**श्री नारायण कोरागप्पा:**
**श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा:**
**श्री बाबू राम निषाद:**
**श्री आदित्य प्रसाद:**
**डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे:**
**श्री मदन राठौड़:**
**श्रीमती किरण चौधरी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 2025 में भारत आने वाले चिकित्सा पर्यटकों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) पिछले पाँच वर्षों में चिकित्सा पर्यटकों के लिए शीर्ष स्रोत देश कौन-कौन से हैं;

(ग) वैश्विक स्वास्थ्य पर्यटन बाज़ारों में भारत की स्थिति सुधारने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्षमता निर्माण और वीज़ा मानदंडों को आसान बनाने में "हील इन इंडिया" पहल की क्या भूमिका है;

(ङ) क्या मंत्रालय ने इस पहल के तहत अब तक किसी निजी संस्था के साथ सहयोग किया है;

(च) यदि हाँ, तो झारखंड सहित राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(छ) गुजरात किस प्रकार क्षेत्रीय स्वास्थ्य केंद्रों के साथ सहयोग करता है; और

(ज) गुजरात की चिकित्सा पहुँच किस प्रकार भारत की स्वास्थ्य कूटनीति को मज़बूत करती है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): वर्ष 2025 (अप्रैल तक) के दौरान भारत में चिकित्सा प्रयोजनों हेतु विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफटीए) की कुल संख्या 1,31,856 है, जो इस अवधि के दौरान कुल विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफटीए) का लगभग 4.1% है।

(ख): पिछले पाँच वर्षों में चिकित्सा पर्यटकों के लिए शीर्ष स्रोत देशों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) से (च): चिकित्सा पर्यटन सहित पर्यटक स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से चिकित्सा पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन करके राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

जैसा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सूचित किया गया है, चिकित्सा पर्यटन के पारिस्थितिकी तंत्र में अनेक सेवा प्रदाता, सुविधा प्रदाता, अस्पताल, होटल और एयरलाइन जैसी वाणिज्यिक एजेंसियाँ, नियामक एजेंसियाँ और सरकार शामिल हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, अस्पतालों, सार्वजनिक संघों और व्यापार निकायों आदि सहित 'हील इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से क्षमता निर्माण हेतु समुचित कदम उठाता है।

इसके अलावा, चिकित्सा उपचार के लिए विदेशी नागरिकों को भारत आने में सुविधा प्रदान करने के लिए, भारत सरकार ने 171 देशों के नागरिकों के लिए ई-मेडिकल वीज़ा/ई-मेडिकल अटेंडेंट वीज़ा सुविधा शुरू की है।

(छ) और (ज): राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, गुजरात निम्नलिखित पहलों के माध्यम से विपणन और प्रचार संबंधी सहायता प्रदान करके रीजनल वेलनेस रिट्रीट्स के साथ सहयोग करता है:

- पर्यटन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर गुजरात स्थित वेलनेस रिट्रीट्स का पंजीकरण करना।
- निरोगता-केंद्रित कार्यक्रमों, सेमिनारों और प्रदर्शनियों में भागीदारी।
- उद्योग के हितधारकों के लिए वेलनेस रिट्रीट केंद्रों की परिचायक यात्राओं (एफएएम) का आयोजन करना।
- पर्यटन विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से निरोगता केंद्रों का प्रचार करना।

इसके अलावा, गुजरात की चिकित्सा तक पहुंच, निम्नलिखित उपायों के माध्यम से चिकित्सा पर्यटन को सक्रिय रूप से बढ़ावा देकर भारत की स्वास्थ्य कूटनीति में योगदान देती है:

- वैश्विक स्तर पर गुजरात के स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना और चिकित्सा विशेषज्ञता का प्रदर्शन करना।
- अंतर्राष्ट्रीय रोगियों के लिए सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु पैरामेडिकल कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
- वैश्विक स्वास्थ्य और निरोगता संबंधी कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों, सम्मेलनों और सेमिनारों में भाग लेना और उनकी मेजबानी करना।

*****

**अनुबंध**

श्री केसरीदेवसिंह झाला, श्री नारायण कोरागप्पा, श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा, श्री बाबू राम निषाद, श्री आदित्य प्रसाद, डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे, श्री मदन राठौड़ और श्रीमती किरण चौधरी द्वारा चिकित्सा पर्यटन के संबंध में दिनांक 07.08.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2219 के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

**पिछले पांच वर्षों में चिकित्सा पर्यटकों के लिए शीर्ष स्रोत देशः**

| **क्र. सं.** | **देश** | **चिकित्सा प्रयोजन हेतु विदेशी पर्यटकों का आगमन (एफटीए)** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** | **2024** |
| 1. | बांग्लादेश | 99,155 | 1,86,633 | 3,26,805 | 4,99,951 | 4,82,336 |
| 2. | इराक | 16,647 | 15,357 | 30,701 | 28,758 | 32,008 |
| 3. | सोमालिया | 1,712 | 3,847 | 1,006 | 15,947 | 11,717 |
| 4. | ओमान | 4,328 | 7,610 | 11,121 | 13,397 | 10,431 |
| 5. | उज़्बेकिस्तान | 1,712 | 3,847 | 6,768 | 7,081 | 8,921 |
| | चिकित्सा प्रयोजन हेतु कुल विदेशी पर्यटकों का आगमन (एफटीए) | **1,82,945** | **3,23,748** | **4,74,798** | **6,59,356** | **6,44,387** |

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

*****